हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

11 चुनाव का पर्व: देश के गौरव को गर्व से झलकाती ...


12 टास्क पूरा करने के नाम पर 67 लाख रुपये से ...


Farm House
Kothi, Villa के लिये 300 गज के प्लाट
44 फुट चौड़ी सड़के, सीवर व पानी लाइन, बिजली
अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर क्लिक करें : http://www.guptaproperty.in/
मात्र 20 लाख में
NOC ZONE
पक्की रजिस्ट्री
M. 8950904219
Gupta Property हिसार रोड NH 9 पर

फॉलो करने पर पाये EXTRA 5% OFF
ON MAKING OF EVERY GOLD JEWELLERY
@PPJEWELLERSROHTAK
ppjewellersrohtak
P.P. Jewellers Rohtak
P.P. Jewellers Rohtak
केवल 5% बनवाई सोने के सभी आभूषण पर
सभी 22K HUID हॉलमार्क आभूषण उपलब्ध हैं।
P. P. Jewellers
रोहतक
का सबसे बेहतरीन आभूषण स्टोर
RAILWAY ROAD ROHTAK, CALL :- 70828-66177
केवल 0% बनवाई हीरे के सभी आभूषण पर
कोई पॉलिश नहीं | कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं
35% की छूट हीरे की कीमत पर
SPIN
सुनिश्चित उपहार जीतें। हीरे के आभूषणों की हर न्यूनतम खरीद पर।
T&C APPLY
SUNDAY OPEN

## शहर में आज

- जनता कॉलोनी में स्थित वैश्य गौशाला के पार्क में निशुल्क योग शिविर सांय: 5 बजे से 6.30 बजे तक
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 9 से 2 बजे तक
- रोडवेज डिपो में लम्बित मांगों को लेकर कर्मचारियों की मीटिंग।
- रोहतक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अरविंद शर्मा के दौरे।

## बिजली कट

- सुबह 10 से 1 बजे तक

सब्जी मंडी चौक, गुलाब रेवड़ी चौक, चमेली मार्केट, कसाई चौक, इंदिरा मार्केट, बाबरा चौक, केवल गंज

## खबर संक्षेप

### नि:शुल्क योग शिविर आज

**रोहतक।** स्व. सेठ बिमल प्रसाद जैन की याद में निःशुल्क योग शिविर उनके सुपुत्र एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन द्वारा जनता कॉलोनी में स्थित वैश्य गौशाला के पार्क में 3 से 10 अप्रैल में लगाया जाएगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि यह शिविर सांयः 5 बजे से 6.30 बजे तक चलेगा।

### जानलेवा हमले के मामले में आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस ने हसनगढ़ निवासी महिला व युवक पर हुए जानलेवा हमले की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सांपला थाना प्रभारी सुलेंद्र ने बताया कि हसनगढ़ निवासी सुशील की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था।

### युवक पर जानलेवा हमला छह लोगों पर केस दर्ज

**महम।** फरमाणा खास गांव में एक शादी समारोह से लौटे युवक पर कई लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने युवक की शिकायत पर 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। फतेहाबाद की पब्लिक हैल्थ कॉलोनी निवासी सुनील पुत्र ईश्वर सिंह ने पुलिस को को शिकायत दी थी।

### एसएचओ के सामने गाली गलौच, दो पर केस

**महम।** निंदाना गांव में दो पक्षों के बीच हुए एक विवाद में पुलिस थाने में समझौता करवाने वाले एक व्यक्ति ने शिकायतकर्ता पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस संबंध में पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में निंदाना गांव निवासी सूरजमल पुत्र रघबीर सिंह ने बताया कि वह महम की मामराजपुरा कॉलोनी में रहता है।

### गर्मी का मौसम शुरू होते ही हरकत में आया स्वास्थ्य विभाग

# जींद रोड की आइसक्रीम फैक्ट्री पर छापेमारी, हड़कंप

**दो सैंपल जांच के लिए लैब में भेजे गए**

## स्वाद के चक्कर में लोग बीमारियों का बन रहें शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गर्मी का मौसम शुरू होते ही आइसक्रीम का क्रेज बढ़ जाता है। ऐसे में स्वाद के चक्कर में लोग बीमारियों का भी शिकार बन जाते हैं। इसे रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया है। टीम ने मंगलवार को जींद रोड स्थित आइसक्रीम फैक्ट्री में छापेमारी की। इस दौरान साफ-सफाई व खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांच की गई। वहीं, फैक्ट्री से आइसक्रीम के दो सैंपल लिए और जांच के लिए लैब में भेज दिए। अधिकारियों ने कहा कि आगे भी छापेमारी जारी रहेगी। विभाग की कार्रवाई से आसपास की फैक्ट्रियों में हड़कम्प मचा रहा।

जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी योगेश कादियान ने बताया कि उन्होंने जींद रोड स्थित आइसक्रीम फैक्ट्री में छापा मारा। चेकिं के दौरान यहां गंदगी देखने को मिली। आइसक्रीम के 2 सैंपल भी लिए हैं। जिन्हें जांच के लिए लैब में भेज दिया है। जांच के बाद जो रिपोर्ट आएगी उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान आइसक्रीम फैक्ट्री के लाइसेंस की भी जांच की गई। हालांकि फैक्ट्री मालिक ने लाइसेंस लिया हुआ था। इसलिए अब सैंपल रिपोर्ट पर ही आगामी कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। शहर में कई जगह आईसक्रीम की फैक्ट्रियां हैं, जहां चेकिंग कर कार्यवाही की जाएगी।



रोहतक। फैक्ट्री में जांच करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम।



फैक्ट्री में काम करते हुए मजदूर। फोटो : हरिभूमि

### 12 लाख से अधिक टर्नओवर वाले प्रतिष्ठानों का लाइसेंस अनिवार्य



योगेश कादियान जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी।

जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी योगेश कादियान ने सभी प्रतिष्ठानों के संचालकों से आह्वान किया है कि वे अपना रजिस्ट्रेशन जरूर करवाएं। उन्होंने बताया कि 12 लाख सालाना से कम टर्नओवर (लेनदेन) वाले प्रतिष्ठानों का पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया 12 लाख से अधिक टर्नओवर (लेनदेन) वाले प्रतिष्ठानों का लाइसेंस लेना जरूरी है। अगर, बिना लाइसेंस व पंजीकरण करवाए अगर कोई मिलता है, तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने व्यापारियों, दुकानदारों से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठान में साफ-सफाई का ध्यान रखें।



महम। गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते भाजपा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने लगाया आरोप

# दीपेंद्र सांसद निधि के झूठे आंकड़े दिखाकर जनता को कर रहे गुमराह

- पांच साल के दौरान करीब 17 करोड़ रुपये की ग्रांट सांसद निधि से जारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भाजपा सांसद डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए उन्होंने पांच साल के दौरान करीब 17 करोड़ रुपये की ग्रांट सांसद निधि से जारी की है और अब सिर्फ सांसद निधि के करीब 45 हजार रुपये ही बाकि बचे है। सांसद दीपेंद्र हुड्डा सांसद निधि के पुराने आंकड़े दिखाकर क्षेत्र की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है। साथ ही दीपेंद्र हुड्डा को भी पता है कि इतनी राशि खर्च हुई है, लेकिन वह अपनी हार से डरे हुए है और इसलिए झूठे आंकड़े पेश कर जनता के बीच सहानुभूति लेना प्रयास कर रहे है। प्रदेश की जनता सजग व समझदार है और दीपेन्द्र हुड्डा के झूठे झांसे में नहीं आएगी। सांसद अरविंद शर्मा महम हलके गांव में जनसंपर्क अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि दस साल तक प्रदेश की जनता को कांग्रेस शासन काल के दौरान जिस तरह से लूटने काम किया है उसे भूली नहीं है और अब वही लोग जनता के बीच जाकर मुख्यमंत्री बनने का दावा कर रहे हैं ऐसे लोगों को आखिर कौन मुख्यमंत्री बनाएगा, जिन्होंने इस तरह से प्रदेश को विकास की पटरी से उतारने का काम किया है। साथ ही शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर भी निशान साधा।

# खरकड़ा में दंपति और उसके परिवार पर हमला, 15 नामजद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

खरकड़ा गांव में एक दंपति और उनके पुत्र व पुत्रवधु पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पुलिस ने गांव के ही 15 से अधिक लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में खरकड़ा गांव निवासी राम सिंह ने बताया कि उसके ही गांव के जयपाल, सुनहरी, संदीप, मोहित, मोहित की पत्नी, प्रहलाद के दो पुत्र, प्रहलाद की एक पुत्री, प्रहलाद की दो पुत्रवधु, रणबीर, जीतपाल, अजय, सरोज, ललित, शक्ति व राजकुमार समेत 21 लोगों ने उस पर, उसकी पत्नी कृष्णा देवी, उसके पुत्र समुंद्र सिंह और उसकी पुत्रवधु मनीषा पत्नी रविंद्र पर जानलेवा हमला किया। शिकायतकर्ता राम सिंह ने बताया कि हमलावरों ने उसका हाथ तोड़ दिया। उसके और उसकी पत्नी कृष्णा के सिर में हथियारों से गहरी चोट मारी गई। जिस वजह से उसकी पत्नी कृष्णा का सिर फट गया और कई टांके आए हैं। राम सिंह ने बताया कि वह 73 साल का है और उसकी पत्नी 71 साल की है। उसे और उसकी पत्नी को उपचार के लिए महम के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।



### हमारे खिलाड़ियों ने 32 पदक जीते

**रोहतक।** भारतीय ड्रॉप रोबॉल महासंघ द्वारा 14वीं सीनियर राष्ट्रीय ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता श्रीकृष्ण इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी कॉलेज कुरुक्षेत्र में करवाई गई। इसमें हरियाणा के खिलाड़ियों ने 18 गोल्ड 6 सिल्वर और 8 रजत पदक प्राप्त किए। हरियाणा ड्रॉप रोबॉल संघ के सचिव जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा। लड़के व लड़कियों ने अपने अपने इवेंट्स में खेलते हुए चैंपियन ट्रॉफी पर क़ब्ज़ा किया। मनीष को श्रेष्ठ खिलाड़ी का ख़िताब दिया गया।

# अब तक 2330.20 मीट्रिक टन सरसों खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि जिला में रबी खरीद सीजन के दृष्टिगत सभी मंडियों व खरीद केंद्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। जिला में अब तक 2330.20 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। खरीद सीजन के सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों की तैनाती भी की गई है। अजय कुमार ने बताया कि गत सोमवार तक जिला की कलानौर, महम, रोहतक व सांपला मंडियों में 2330.20 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। सरसों की खरीद हैफेड द्वारा की गई है। कुल खरीद में से कलानौर मंडी में 38.02 मीट्रिक टन, महम मंडी में 1137 मीट्रिक टन, रोहतक मंडी में 43.60 मीट्रिक टन तथा सांपला मंडी में 1111.58 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया है कि वे अपनी फसल को सुखाकर एवं साफ करके ही मंडियों में बिक्री के लिए लाये ताकि फसल बिक्री में कोई असुविधा न हो।



### अंतरराष्ट्रीय अतिथियों ने किया योगाभ्यास

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में संचालित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शिरकत करने वाले अंतरराष्ट्रीय अतिथियों ने आज प्रातः टैगोर सभागार में छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा संचालित योग शिविर में योगाभ्यास किया। छात्र कल्याण कर्मी एवं योग प्रशिक्षक नरेश अहलावत ने विदेशी मेहमानों को योग क्रियाएं करवाई। उन्होंने बताया कि छात्र कल्याण कार्यालय के तत्वावधान में प्रतिदिन सुबह टैगोर सभागार परिसर में योग कक्षा संचालित की जाती है, जिसमें एमडीयू के विद्यार्थियों एवं समुदाय को निशुल्क योग प्रशिक्षण दिया जाता है। विदेशी मेहमानों ने योग को जीवन में महत्त्वपूर्ण बताते हुए एमडीयू के छात्र कल्याण कार्यालय की इस पहल की सराहना की।

**सफलता** बच्चे की बगल में घुस गई थी नुकीली कील, परिवार ने डॉक्टरों का आभार जताया

# पीजीआईएमएस के डॉक्टर ने बच्चे की जान बचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आजकल की भाग दौड़ भरी जिंदगी में अभिभावकों का 24 घंटे बच्चों पर ध्यान रहना लगभग असंभव सा हो गया है और प्रतिकूल परिस्थितियां जीवन में कब दस्तक दे जाएं यह कोई नहीं जानता। ऐसे में जब कोई घटना घटित हो जाए तो हमें क्या करना चाहिए यह जानना और समझना हमारे लिए बहुत जरूरी हो जाता है।

यह कहना है सर्जरी विभाग की प्रोफेसर डॉ नित्याशा का। उन्होंने बताया कि 23 मार्च को करीब 14 वर्षीय अटायल निवासी पियुष जब खेल कूद करते हुए घर के मेन गेट को पार रहा था इसी दौरान उसका संतुलन खराब हो गया और उसकी बाई बगल में मेन गेट की नुकीली कीलें घुस गई। कीले अधिक नुकीली होने के चलते एकदम अत्यधिक खून का रिसाव शुरू हो गया ऐसे में घर वाले घबराकर बच्चे को सांपला के प्राथमिक अस्पताल में ले गई। वहां पर बच्चे की हालत को देखते हुए उसे बहादुरगढ़ रेफर कर दिया गया जहां से उसे पीजीआईएमएस रोहतक के लिए रेफर कर दिया गया। बच्चे की गंभीर होती जा रही हालत को देखते हुए मां-बाप उसे पहले एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए जहां से वह ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।



रोहतक। बच्चा अपने परिजन के साथ।

### बच्चे की हालत थी गंभीर

डॉ नित्याशा ने बताया कि जैसे ही बच्चा ट्रामा सेंटर में पहुंचा तो चिकित्सकों ने जांच के दौरान पाया कि अधिक समय बीतने के चलते बच्चे की हालत काफी गंभीर होती जा रही है, ऐसे में सर्जरी विभाग के साथ कार्डियक सर्जरी की टीम ने निदेशक डॉ एसएस लोहचब के मार्गदर्शन में ऑपरेशन शुरू किया गया। ऑपरेशन के दौरान पाया कि खून की नली कटी हुई थी जिस पर बड़ी ही सावधानी पूर्वक मरीज का ऑपरेशन किया गया। इसके बाद बच्चे को 1 दिन के लिए बेहोशी विभाग के चिकित्सक डॉ प्रीतम की निगरानी में आईसीयू में भर्ती किया गया और फिर उसे वार्ड पांच में शिफ्ट किया गया। उन्होंने बताया कि 30 मार्च को बच्चे की हालत ठीक होने पर और बच्चे का हीमोग्लोबिन धीरे-धीरे बढ़ने पर उसे छुट्टी दे दी गई।

### ऐसी घटना होने पर धैर्य से काम लें

डॉ नताशा ने बताया कि ऐसी घटना किसी के साथ भी हो सकती है ऐसे में बस जरूरत है तो हमें धैर्य बनाकर दिमाग से काम लेने की, किसी भी साफ सूती कपड़े से चोट वाली जगह को दबा दें ताकि खून बहना बंद हो जाए। इसके पश्चात मरीज को तुरंत जल्दी से जल्दी पीजीआईएमएस जैसे किसी बड़े ऐसे अस्पताल में ले जाएं जहां पर सर्जन, एनेस्थीसियोलोजिस्ट, ब्लड बैंक, आईसीयू व ऑपरेशन थिएटर जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध हो ताकि समय बर्बाद ना हो और मरीज की जान को बचाया जा सके।



दुनिया में सबसे तेज जानवर चीता है, जो 70 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दौड़ सकता है।



सबसे बड़ा मकड़ी का जाला 28 मीटर चौड़ा और 34 मीटर लंबा हो सकता है।



# डिजिटल सेक्टर में कैसे संवारें भविष्य



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## भविष्य में भारी डिमांड

### ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिज़ाइन एंड डाटा विजुअलाइजेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

**ये स्किल अहम :** 1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

**डिजिटल कोर्सेज :** सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़िक डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## डिजिटल मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

**जॉब ऑप्शन्स :** डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइजर, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिजाइनर, मोबाइल डिजाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिजाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूजर एक्सपीरियंस डिजाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजर, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

**टॉप रिक्रूटर्स :** एफएमसीजी (फ्रास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

## स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग उद्यमियों के लिए एक लाभदायक विकल्प होता है। इसमें वे अपने उत्पादों और सेवाओं को व्यापक रूप से प्रचार कर सकते हैं और अधिक ग्राहकों को आकर्षित कर सकते हैं। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। इस तरह से, उद्यमी संचार के लिए कम समय और पैसे खर्च करते हैं। डिजिटल सेक्टर युवा नए क्षेत्र में रोमांचक तरीके से काम कर सकते हैं। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है। आप अपने दौर के अनुसार उचित संसाधनों और उपकरणों के साथ काम कर सकते हैं जो आपको आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करते हैं। ऑनलाइन वर्क और प्लेटफॉर्म्स पर सुरक्षित रहना और जिम्मेदारी से काम करना आ जाता है।

## डिजिटल सेक्टर के ट्रेंड्स

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठा कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

## आभासी दुनिया करियर बढ़ाने में कर सकती है मदद


# चैटजीपीटी प्रोफेशनल्स बनकर डिजिटेक दुनिया में कमाएं नाम

## युवाओं की बन रहा पहली पसंद

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

एक शब्द जिसने हाल ही में आईटी उद्योग में तहलका मचा दिया है, वह है 'चैटजीपीटी'। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के साथ एक चैटबॉट, जिसे चैटजीपीटी कहा जाता है, को वर्ष 2022 में 30 नवंबर को लांच किया गया था। जनवरी में इसके मंथली एक्टिव यूजर्स की संख्या 10 करोड़ को पार कर गई थी। अधिक उपयोग के बावजूद हंगामा होता है, क्यों? दरअसल, चैटजीपीटी बहुत सारे सफेदपोश पदों के लिए खतरा है। शिक्षण संस्थान भी परेशान है, यह जानते हुए भी कि यह जल्द ही कभी नहीं होगा। अपने करियर में पेशेवरों के लिए, चैटजीपीटी सीखने में काफी मदद कर सकता है, उन्हें नए कौशल प्राप्त करने में सहायता कर सकता है, नौकरी के नए विकल्पों का खोज सकता है और अपने उद्योग में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रख सकता है। प्रत्येक पेशेवर की विशिष्ट आवश्यकताओं और रुचियों को पहचानने के लिए अपनी प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण कौशल का उपयोग करके, चैटजीपीटी व्यक्तिगत सीखने के अनुभव प्रदान कर सकता है। करियर क्षेत्र के पेशेवरों को इस तरह से प्रासंगिक और रोमांचक शिक्षण सामग्री का पता लगाना आसान हो सकता है। चैटजीपीटी कौशल विकास के लिए मार्गदर्शन और सहायता प्रदान कर सकता है, पेशेवरों को नए कौशल हासिल करने और अपने पेशेवर पोर्टफोलियो बनाने में मदद कर सकता है।






## क्या है चैटजीपीटी


चैटजीपीटी एक चैटबॉट है,जो कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित है। चैटजीपीटी (जनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफॉर्मर) प्रोग्राम एक मशीन लर्निंग सिस्टम है जो डेटा इकट्ठा करता है, इससे सीखता है और शोध निष्कर्ष तैयार करता है। पुट-ई टूल अब भी उपलब्ध है। यह शब्द बनाने के बजाय 3डी दृश्य बनाता है। जिस तरह आप गूगल पर कुछ भी लिखते हैं और आपके सामने जवाब आते हैं। उसी तरह चैटजीपीटी पर सवाल करने पर आपको वो लिखकर जवाब देता है। चैटजीपीटी आपके सारे सवालों के जवाब केवल एक सर्च बॉक्स पर सवाल टाइप करने से देता है। गूगल सर्च से अलग, इस चैटबॉट की खासियत यह है कि यह इंसानों की तरह सोचता है और उनकी तरह सवाल-जवाब कर सकता है। चैटजीपीटी से आप किसी भी टॉपिक पर एक इंसान जैसे ही बात कर पाते हैं। बता दें कि चैटजीपीटी को नवंबर 2022 में ओपनएआई द्वारा लांच किया गया था। चैटजीपीटी से उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। फोर्ब्स ने सक्रिय एआई स्टार्टअप्स की संख्या में 14 गुना वृद्धि दर्ज की है। 72% अधिकारियों के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य में व्यापार में एक प्रमुख भूमिका निभाएगा।

## यहां अवसर

1. टेक जॉब्स (कोडर्स, कंप्यूटर प्रोग्रामर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स, वेब डेवलपर्स, सॉफ्टवेयर डेवलपर्स, डेटा एनालिस्ट्स)
2. मीडिया नौकरियां (सामग्री निर्माण, विज्ञापन, तकनीकी लेखन, पत्रकारिता)
3. कानूनी उद्योग नौकरियां (पैरालीगल, सहायक) बाजार अनुसंधान विश्लेषकों
4. शिक्षक, प्रोफेसर
5. वित्त नौकरियां (वित्तीय विश्लेषक, सलाहकार) ट्रेडर्स, शेयर एनालिस्ट
6. ग्राफिक डिजाइनर
7. लेखाकार
8. ग्राहक सेवा एजेंट

## मददगार टूल होगा

चैटजीपीटी करियर के विकास पर सलाह और मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है, जिससे पेशेवरों को नए करियर के अवसरों की पहचान करने में मदद मिलती है। विभिन्न विषयों पर चैटजीपीटी के ज्ञान की त्वरित पहुंच के कारण पेशेवर अपने प्रश्नों के उत्तर पा सकते हैं और तेजी से अपने सीखने को आगे बढ़ा सकते हैं। चैटजीपीटी नेटवर्किंग और सहयोग के अवसर पेश करते हुए पेशेवरों को उनके उद्योग के अन्य विशेषज्ञों से जोड़ सकता है। पेशेवरों को अपने करियर को आगे बढ़ाने और उनकी क्षमताओं का विस्तार करने में मदद करने के लिए, चैटजीपीटी व्यक्तिगत कोचिंग और परामर्श प्रदान कर सकता है। पेशेवर अपने क्षेत्र में सबसे हालिया प्रगति के साथ अद्यतित रह सकते हैं और चैटजीपीटी के चल रहे सीखने के अवसरों का लाभ उठाकर अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रख सकते हैं। चैटजीपीटी के सीखने के संसाधनों तक पहुंच के साथ पेशेवर जब भी उनके लिए सबसे सुविधाजनक हो सीख सकते हैं।




## क्या है करता

*चैटजीपीटी आपके लिए कंप्यूटर कोड जनरेट करता है। इसके साथ-साथ सवालों के जवाब, कथाओं को पूरा, अधूरे मुहावरे को सही करने, गिनती करने, नॉन-फिक्शन और फिक्शन कंटेंट लिखना और अनुवाद करना जैसे कार्य करता है।*

## क्यों बनाया गया

माइक्रोसॉफ्ट के ओपनएआई द्वारा विकसित चैटजीपीटी को एक एप्लिकेशन को मनुष्यों की तरह बातचीत करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। कविता लिखने से लेकर किसी और समस्या के जवाब के लिए आप चैटजीपीटी की मदद ले सकते हैं।

## स्मार्टफोन पर चैटजीपीटी नहीं

चैटजीपीटी का इस्तेमाल स्मार्टफोन पर नहीं किया जा सकता है। अगर आप प्ले स्टोर या एप स्टोर पर इसे खोजने का प्रयास करते हैं तो यहां फेक एप्स ही मिलती हैं, क्योंकि इस चैटबॉट का कोई ऑफिशियल एप अभी तक पेश नहीं हुआ है।

## कैसे कर सकते इस्तेमाल

इस चैटबॉट का इस्तेमाल चैटजीपीटी की ऑफिशियल वेबसाइट **chat.openai.com.** पर कर सकते हैं। वेबसाइट पर साइन-अप करने के बाद एक अकाउंट क्रिएट करना होगा। साइन अप के लिए **https://chat.openai.com/auth/login** पर विजिट कर सकते हैं। अकाउंट क्रिएट होने के बाद अकाउंट वेरीफाई करवाना होगा। इसके लिए ईमेल पर वेरिफिकेशन लिंक पर प्रोसेस पूरा कर सकते हैं। अकाउंट क्रिएट होने के बाद आप सर्च बार पर अपने सवालों को पूछ सकते हैं। मालूम हो कि, चैटजीपीटी का इस्तेमाल अभी फ्री में किया जा सकता है। हालांकि, बहुत जल्द कंपनी चैटबॉट के लिए प्रीमियम सर्विस ला सकती है।

## क्या सीखें

मशीन लर्निंग सीखें। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई सीख कर चैटजीपीटी प्रोफेशनल्स बन सकते हैं। एआई सीखने के लिए गूगल समेत अनेक ऑनलाइन व ऑफलाइन प्लेटफॉर्म हैं। आजकल करियर का नया डेस्टिनेशन है।

# व्यायाम, प्राणायाम और ध्यान से सुधारा जा सकता है मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

तनाव और अवसाद के समय में प्रेरित रहना छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कौशल है। परीक्षाओं, पढ़ाई, करियर, और सामाजिक दबावों के बीच जीवन में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इन चुनौतियों के साथ निपटने के लिए, छात्रों को तनाव को संभालने और प्रेरित रहने की कला को सीखना आवश्यक है। तनाव के समय में प्रेरणा का आधार स्वास्थ्यपूर्ण जीवनशैली का होता है। नियमित व्यायाम, प्राणायाम, और ध्यान से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारा जा सकता है। सही आहार और पर्याप्त नींद भी छात्रों को तनाव से बचाने में मदद कर सकते हैं। साथ ही, अपने कामों को स्वतंत्रता से निर्वाह करना और सकारात्मक सोच भी छात्रों को प्रेरित रख सकता है।

## सोशल मीडिया से रहें सावधान

समय का सही प्रबंधन और सहायक संगठनों का सहारा भी उन्हें अधिक उत्साहित कर सकता है। अधिकतर, स्वाध्याय और प्रेरणा भी छात्रों को उनके उद्देश्यों की दिशा में प्रेरित कर सकता है। इस प्रकार, छात्रों को तनाव के समय में प्रेरित रहने के लिए अपने जीवन में ये सारे कदम उठाने चाहिए। आधुनिक युग में सोशल मीडिया का महत्व बढ़ता जा रहा है। यह आधुनिक तकनीकी उपकरणों के द्वारा संचार का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। सोशल मीडिया ने हमें दुनिया भर में अपने दोस्तों, परिवार, और समाज से जुड़े रहने का मौका दिया है। हालांकि, इसके साथ ही यह एक सुरक्षा का मुद्दा भी उठाता है। सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने की एक कार्यकारी रणनीति अपनाना आवश्यक है। पहले भारतीय युवा को सोशल मीडिया के उपयोग के बारे में जानकारी होनी चाहिए। उन्हें अपने प्रोफाइल की निजी जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए नियमित रूप से पासवर्ड बदलने की सलाह देनी चाहिए। उन्हें सावधानीपूर्वक अपनी पोस्टिंग करनी चाहिए ताकि वे अपनी निजी जानकारी को अनावश्यक लोगों से साझा न करें। दूसरा, सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के उपयोग के लिए एक्सेस नियंत्रण बनाए रखना आवश्यक है। युवा को अपने डिवाइस के लिए पासवर्ड लॉक लगाने की सलाह दी जानी चाहिए, ताकि कोई अनधिकृत उपयोगकर्ता उनके खाते में प्रवेश न कर सके। साथ ही, यह भी महत्वपूर्ण है कि उन्हें अपने डिवाइस पर सोशल मीडिया ऐप्स को अपडेट रखें, क्योंकि अपडेट अक्सर सुरक्षा सुधारों को शामिल करते हैं। तीसरा, विशेष ध्यान देना चाहिए कि युवा अपने ऑनलाइन व्यवहार में सावधानी बरतें। उन्हें अज्ञात व्यक्तियों के साथ न केवल साइबर अपीक्स तकरार करनी चाहिए, बल्कि वे अपने प्राइवेट जानकारी को अपने हाथ में रखें। यह भी जरूरी है कि युवा अभिभावकों या विशेषज्ञों से संपर्क करें यदि उन्हें ऑनलाइन अपशब्दों, धमकी, या किसी भी अन्य अप्रिय गतिविधियों का सामना करना पड़ता है।

## साइबर बुलिंग से सावधानी जरूरी

साइबर बुलिंग, प्राइवेसी लीकेज, और ऑनलाइन फिशिंग जैसी समस्याओं से बचने के लिए सोशल मीडिया पर जागरूकता और सावधानी बहुत महत्वपूर्ण है ताकि युवा साइबर बुलिंग, प्राइवेसी लीकेज, और ऑनलाइन फिशिंग जैसी समस्याओं से बच सकें।

- **पासवर्ड की मजबूती:** अपने सोशल मीडिया खातों के लिए मजबूत पासवर्ड चुनें और उन्हें नियमित अंतराल में बदलें।
- **निजी जानकारी का संरक्षण:** निजी जानकारी को साझा करने से पहले ध्यान दें और केवल विश्वसनीय और आवश्यक जानकारी ही साझा करें।
- **साइबर बुलिंग के खिलाफ:** किसी भी तरह की साइबर बुलिंग को तुरंत रिपोर्ट करें और इसे बचाव में आने के लिए अपने दोस्तों और परिवार से सहायता मांगें।
- **सावधानी से फिलहाल:** अनजाने या संदिग्ध संदेशों, लिंकों, या फाइलों को कभी खोलने से पहले सावधानी बरतें।
- **अपडेट रहें:** सोशल मीडिया ऐप्स और सॉफ़्टवेयर को समय-समय पर अपडेट करें, क्योंकि ये अक्सर सुरक्षा सुधारों को शामिल करते हैं।
- **संवेदनशीलता बनाए रखें:** अपने और अन्य लोगों की संवेदनशीलता का सम्मान करें और अनचाहे संदेशों या फोटोग्राफ़ों को साझा न करें।
- **जागरूक रहें:** सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने के लिए नियमित रूप से साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन नैतिकता के बारे में जागरूक रहें और अपडेटेड रहें।

*इन तरीकों का पालन करके युवा सोशल मीडिया पर सुरक्षित रह सकते हैं और उन्हें अपने ऑनलाइन अनुभवों का आनंद लेने में सक्षम होगा। एक विद्यार्थी को किसी अन्य व्यक्ति के अच्छे वेतन और पसंद को देखकर कमजोर नहीं होना चाहिए।*

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्न में कौन सी भाषा संस्कृत भाषा की अपभ्रंश है?
(ए) खड़ी बोली (बी) ब्रजभाषा
(सी) अवधी (डी) पालि

**2.** अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास किस लिपि से हुआ?
(ए) शारदा लिपि (बी) खरोष्ठी लिपि
(सी) कुटिल (डी) ब्राह्मी लिपि

**3.** हिंदी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?
(ए) गुरुमुखी (बी) ब्राम्ही
(सी) देवनागरी (डी)सौराष्ट्री

**4.** वर्तमान हिंदी का प्रचलित रूप है?
(ए) अवधी (बी) ब्रजभाषा
(सी) खड़ी बोली (डी) देवनागरी

**5.** हिन्दी भाषा की बोलियों के वर्गीकरण के आधार पर छतीसगढ़ी बोली है?
(ए) पूर्वी हिन्दी (बी)पश्चिम हिन्दी
(सी)पहाड़ी हिन्दी (डी)राजस्थानी

**6.** निम्नलिखित में से कौन सी पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है ?
(ए) बुन्देली (बी) ब्रजभाषा
(सी) कन्नौजी (डी) बघेली

**7.** भारतीय संविधान में किन अनुच्छेदों में राजभाषा संबंधी प्रावधानों का उल्लेख है ?
(ए)343-351 तक (बी)434-315 तक
(सी)443-135 तक(डी) 334-153 तक

**8.** दक्षिणी भारत हिन्दी प्रचार सभा का मुख्यालय कहां स्थित है ?
(ए) हैदराबाद (बी) बंगलौर
(सी) चेन्नई (डी)मैसूर

**9.** हिन्दी भाषा के विकास का सही अनुक्रम कौन-सा है ?
(ए) पालि-प्राकृत-अपभ्रंश -हिन्दी
(बी) प्राकृत-अपभ्रंश-हिन्दी-पालि
(सी) अपभ्रंश-पालि-प्राकृत-हिन्दी
(डी) हिन्दी-पालि-अपभ्रंश-प्राकृत

**10.** संविधान के अनुच्छेद 351 में किस विषय का वर्णन है ?
(ए) संघ की राजभाषा
(बी) उच्चतम न्यायालय की भाषा
(सी) पत्राचार की भाषा
(डी) हिन्दी के विकास के लिए निर्देश

**उत्तर** 1.(डी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(ए) 6.(डी) 7.(ए) 8. (सी)9. (ए) 10. (डी)

## खबर संक्षेप

### वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 8-9 को

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में 8 एवं 9 अप्रैल को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। 9 अप्रैल को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह पर मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त अजय कुमार शिरकत करेंगे और आठ अप्रैल को कॉन्वोकेशन सेरेमनी प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में वीना कुमारी प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय अलेवा एवं जिला उच्च शिक्षा अधिकारी जींद होंगी। इस समारोह में लगभग 1600 छात्राओं को डिग्री दी जाएंगी जिसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की डिग्री शामिल रहेगी।





### कर्नल अमित ने संभाली एनसीसी की कमान

**रोहतक।** कार्यवाहक कमान अधिकारी कर्नल मनबीर सिंह धनखड़ ने कर्नल अमित मैथ्यु को सैकेंड हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी की कमान सौंपी। कर्नल अमित मैथ्यु दिसंबर 2001 में कमीशन प्राप्त अधिकारी हैं। कमान अधिकारी ने बटालियन के सभी कर्मचारियों से उनके कार्य की जानकारी ली एवं उनसे उत्तम कार्य व सहयोग की आशा की। इस अवसर पर कमान अधिकारी कर्नल मनबीर सिंह धनखड़, ऑनरैरी लेफ्टिनेंट सुंदर लाल, सूबेदार मेजर लाल चंद रहे।



### सर छोटू राम को भारत रत्न देने की मांग

**सांपला।** खरावड़ चिंतनशील समिति की तरफ से राष्ट्रपति से गरीबों के मसीहा सर छोटू राम को भारत रत्न देने की मांग की गई।मंगलवार को समिति के प्रधान हेमचंद्र मलिक के नेतृत्व में लोग नगराधीश से मिले और उन्हें राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर सर छोटू राम को भारत रत्न देने की मांग की।

### भारत निर्वाचन आयोग का लोकसभा आम चुनाव के लोगो व टैगलाइन के प्रचार-प्रसार का निर्देश

# चुनाव का पर्व: देश के गौरव को गर्व से झलकाती चुनाव प्रक्रिया की राष्ट्रीय भावना: अजय कुमार

### जिला निर्वचिन आयोग ने सभी विभागों, बोर्डों , निगमों, विश्वविद्यालयों को जारी किए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए जागरूकता अभियान के तहत (चुनाव का पर्व, देश का गर्व) लोगो एवं टैगलाइन जारी की गई है। आयोग द्वारा सभी विभागों, बोर्ड, निगमों, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को निर्देश जारी किए गए है कि वे आयोग के लोगो व टैगलाइन को अपने सोशल मीडिया हैंडल, व्हाट्सएप ग्रूप, वेबसाइट इत्यादि पर अपडेट करें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक आयोग के संदेश को पहुंचाया जा सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग के लोगो एवं टैगलाइन के संदर्भ में बताया कि चुनाव का पर्व से देश की चुनाव प्रक्रिया की राष्ट्रीय भावना झलकती है। चुनाव के इस पर्व में राष्ट्र निर्माण के एकमात्र उद्देश्य के साथ सभी नागरिकों को शामिल करना है। इस लोगो के रंग में एकीकृत एकजुटता, प्रतिबद्घता, अधिकार एवं जिम्मेदारी का रंग है। चुनाव प्रक्रिया वास्तव में समावेशी है, जिसमें प्रत्येक पात्र मतदाता को चुनाव में शामिल होकर मतदान करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि चुनाव का पर्व एक ऐसा पर्व है, जिसमें हरेक मतदाता शामिल होकर लोकतंत्र की मजबूती की नींव रखता है। चुनाव का रंग भी सिर्फ उंगली पर निशान मात्र नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र की अनूठी शान का प्रतीक भी है। विविधताओं से भरे अद्भुत राष्ट्र को एक रंग से जोड़ने और सभी का इसमें समावेश करने वाले चुनाव के इस पर्व पर देश को गर्व है।सभी को इस पर्व में अपना अहम किरदार निभाना चाहिए।



मतदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाते हुए।




मतदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाते विद्यार्थी।

### मतदान के लिए किया जा रहा है जागरूक



*जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय कुमार ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया में सभी मतदाताओं की हिस्सेदारी के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड ईलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (स्वीप) अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक मतदाता आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में अपने मताधिकार का बुद्धिमता पूर्वक एवं निडर होकर प्रयोग करें ताकि लोकतंत्र और मजबूत हो सके। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने कहा है कि जिला प्रशासन द्वारा आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला में स्वीप अभियान जारी है। इसके तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित करके मतदाताओं को उनके मत के महत्व के प्रति जागरूक किया जा रहा है।*

### जागरूकता रैली में विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

मोखरा, हसनगढ़, गिरावड़, भैणी मातो इत्यादि गांवों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान। स्वीप अभियान के तहत मोखरा गांव स्थित साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओं द्वारा मतदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। छात्राओं ने इस अभियान के दौरान मतदान के महत्व को प्रदर्शित करते स्लोगन लेकर गांव की गलियों से रैली निकाली गई। इस रैली में छात्राओं ने मताधिकार के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक किया। आओ मिलकर करें मतदान-भारत राष्ट्र पर करें अभिमान, उम्र 18 पूरी है- मतदान करना जरूरी है, किसी के बहकावे में न आएं-सोच समझकर बटन दबाएं, आओ मिलकर अलख जगाये-शत प्रतिशत मतदान करवाएं आदि स्लोगनों के माध्यमों से छात्राओं ने गांव की गली-गली जाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

### मतदान के प्रति स्कूलों में किया जागरूक

जागरूकता अभियान के तहत शिक्षा विभाग के माध्यम से विभिन्न विद्यालयों में गतिविधियां आयोजित करवाई जा रही है। जिला के गांव हसनगढ़ स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने पोस्टरों पर स्लोगन राइटिंग के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। छात्राओं ने जब भी वोट डालने जाये-पहचान पत्र साथ ले जाये, हर मतदाता को जागरूक व शिक्षित बनाना है-सही नेता चुनने के लिए मतदाता को जगाना है, छोड़ो अपने सारे काम-पहले चलो करें मतदान, वोट डालने जाना है-अपना फर्ज निभाना है आदि स्लोगनों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया।गिरावड़ गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत छात्राओं ने स्लोगन राइटिंग, पेंटिंग तथा मतदान रैली के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। छात्राओं ने बेहतर भारत के लिए करें वोट की पेंटिंग तथा स्लोगनों से ग्रामीणों को मतदान में भाग लेने का संदेश दिया।भैणी मातो स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ विद्यालय की छात्राओं ने भी पोस्टर मेकिंग व स्लोगन राइटिंग तथा मतदाता जागरूकता रैली से ग्रामीणें को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया। छात्राओं ने जागो-जागो हे मतदाता-तुम भारत के भाग्य विधाता जैसे स्लोगनों से ग्रामीणों से लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान में भाग लेने का आह्वान किया।

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदान में लें भाग :वैशाली सिंह

अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप की नोडल अधिकारी वैशाली सिंह ने कहा है कि आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान करवाने के दृष्टिगत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां चलाई जा रही है।

### बसपा की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं

**रोहतक।** बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला प्रधान एवं प्रभारी लोकसभा रोहतक अड़ीचन्द निम्बडिया ने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को आह्वान किया कि बसपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें तथा साथ ही आने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए प्रत्येक बूथ पर दस युवाओं को जिम्मेदारी सौंपी जाए ताकि बसपा को मजबूती मिले। उन्होंने कहा कि बसपा शीघ्र ही अपने प्रत्याशियों का चयन करेगी। उन्होंने कहा आज के समय में कोई भी पार्टी संविधान के अनुरूप कार्य नहीं कर रही बल्कि संविधान के साथ खिलवाड़ करने पर तुली हुई है।

## विश्व कल्याण की कामना के लिए आर्य स्कूल मदीना में हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

विश्व कल्याण की कामना के लिए मदीना के आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हवन करवाया गया। आचार्य करतार शास्त्री ने मंत्रोच्चारण किया और हवन को सम्पन्न करवाया। इस दौरान विद्यालय के नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ भी किया गया। हवन के मुख्य यजमान यक्षांश दांगी एवं लक्ष्य दांगी रहे। अध्यापकों और छात्रों ने यज्ञ मंडप में बैठकर हवन में आहुतियां डाली। प्राचार्य अशोक दांगी ने सर्वप्रथम यज्ञ पुरोहित करतार शास्त्री एवं मुख्य यजमान लक्ष्य दांगी को जन्मदिन की बधाइयां दी तथा विद्यार्थियों को हवन से होने वाले लाभों के बारे में बताया। अशोक दांगी ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कड़ी मेहनत, लग्न एवं निष्ठापूर्वक पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की स्थापना के सफ़ल 23 वर्ष पूर्ण करने पर विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को अपनी तरफ़ से हार्दिक बधाई दी। स्कूल मैनेजमेंट द्वारा आचार्य करतार शास्त्री को उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यार्थी, अध्यापक एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे(

## दीपेंद्र हुड्डा ने किया मंडी में सुनीं समस्याएं

रोहतक



राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि भाजपा सरकार किसान, मजदूर और आढ़तियों से बदला ले रही है। क्योंकि इन तीनों ने मिलकर तीन कृषि कानून को लागू नहीं होने दिया और हरियाणा में प्राइवेट मंडियां नहीं बनने दी थी। इसी बौखलाहट के चलते अब सरकार जान बूझकर सुचारू रूप से सरसों और गेहूं की खरीद नहीं कर रही। सरकार साजिश के तहत किसानों को प्राइवेट एर्जेसियों के हवाले कर रही है। प्राइवेट खरीदार किसानों की मजबूरी का लाभ उठाते हुए एमएसपी से 1000 रुपये कम रेट पर सरसों खरीद रहे हैं। 1 तारीख से खरीद का ऐलान करने के बावजूद गेंहू की सुचारू खरीद भी अबतक शुरू नहीं हुई।सांसद दीपेंद्र मंगलवार को सांपला मंडी का दौरा करने पहुंचे थे। किसानों ने दीपेंद्र हुड्डा को बताया कि एक बार फिर उन्हें पोर्टल और रजिस्ट्रेशन में गड़बड़झाले का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। कहीं गेहूं की जगह सरसों का पंजीकरण कर दिया गया है तो कहीं सरसों की जगह गेहूं का। डाटा मिसमैच होने की वजह से कई दिनों से फसल लेकर मंडी में बैठे किसानों से खरीद नहीं हो रही। इतना ही नहीं, मंडी में ना बारदाने की पूरी व्यवस्था है और ना ही रखरखाव के लिए तिरपाल का बंदोबस्त किया गया है। अगर बारिश होती है तो किसान की फसल भगवान भरोसे है।मजदूरों ने बताया कि लगातार उनकी दिहाड़ी में सरकार द्वारा कटौती की जा रही है। हर सीजन में भुगतान में भी देरी होती है। बड़े दुख की बात है कि ये सरकार गरीब मजदूरों का पैसा खाने से भी गुरेज नहीं करती। वहीं, प्रदेशभर के आढ़ती भी हड़ताल पर हैं। सांसद दीपेंद्र आज कांग्रेस के 'घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस' अभियान के तहत सांपला पहुंचे थे। उन्होंने यहां घर और दुकानों में जाकर लोगों से बात की। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने रोहतक से जीत का दावा किया।



## दा आर्यन ग्लोबल स्कूल में नए सत्र पर किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दा आर्यन ग्लोबल स्कूल में नए सत्र की शुरुआत पर स्कूल के प्रांगण में विद्यार्थियों व अध्यापकों द्वारा हवन किया गया। मंत्र उच्चारण से स्कूल का वातावरण हमेशा सकारात्मक रहता है, बच्चों को यह भी सिखाया गया। यह जानकारी प्राचार्य आरके खन्ना ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को खुशनुमा माहौल देते हुए उनसे कविताएं सुनी। विद्यार्थियों का स्वागत वेलकम बैच लगाकर किया गया। सभी विद्यार्थियों ने प्रथम दिवस पर अनेक तरह की गतिविधियां की। उन्होंने बताया कि कक्षा नर्सरी व केजी के विद्यार्थियों ने सामूहिक गतिविधि की। स्कूल प्रधानाचार्य आरके खन्ना व मैनेजमेंट सदस्यों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### फार्मासुयटिकल रेगुलेटरी अफेयर्स के बारे में बताया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फार्मासुयटिकल साइंसेज विभाग द्वारा आज स्वराज सदन में चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनोमिक एंड सोशल चेंज के सहयोग से संचालित- चैलेंजस एंड आपरच्यूनिटीज इन फार्मासुयटिकल इंडस्ट्री कार्यशाला में मंगलवार को दूसरे दिन सायनिओस हेल्थ प्रा. लि., गुरूग्राम के रेगलेटरी कंसंल्टिंग निदेशक डॉ. संदीप धीमान ने औद्योगिक स्तर पर अवसर प्राप्त करने के लिए कौशल, योग्यता और गुणों पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ. संदीप धीमान ने फार्मा प्रोफेशनल्स के लिए चिकित्सा लेखन में कॅरियर के अवसरों बारे भी प्रकाश डाला। इसके बाद यूएसए की डा. सुमन ग्रेवाल ने फार्मासुयटिकल रेगुलेटरी अफेयर्स बारे विस्तार से व्याख्यान दिया। यूएसए के डॉ. एचएस पनेसर ने भी विद्यार्थियों के साथ संवाद किया।

## देश की युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर खेलों की तरफ ध्यान देना चाहिए: दिनेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जयहिन्द मंच ने एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जय हिंद मंच के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश ने की। कार्यकर्ता देव कौशिक ने हवन व यज्ञ करके इसकी शुरूआत की तथा जिसमें गृहमंत्रालय से डायरेक्टर चित्रलेखा शर्मा ने भारत माता की मूर्ति पर पुष्प अर्पित करके दीप प्रज्जवलित किया। जयहिन्द मंच के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश ने युवाओं को आह्वान किया कि जाति, धर्म, गोत्र, क्षेत्र और दल इन सबसे ऊपर देश है सभी युवाओं को देशहित में सबसे पहले सोचना चाहिए और उन्हें अपने पूर्वजों से शिक्षा लेनी चाहिए कि उन्हें अपने देश को आजाद कराने के लिए अपने प्रणों का बलिदान खुशी खुशी कर दिया, क्योंकि उनके लिए देशप्रेम से बढ़कर कोई भी चीज प्रिय नहीं थी। जिलाध्यक्ष दिनेश भारद्वाज ने कहा कि हमारे देश की युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर खेलों की तरफ ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका शहीद सुरेंद्र अहलावत की धर्मपत्नी वीर नारी बबीता अहलावत रही। विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ताओं में जेपी धनखड़, चांद सांगवान, अमित भारद्वाज, पूर्व सैनिक विजय भारद्वाज, उमेद सिंह, वीरेंद्र पिलानिया, राजेंद्र शर्मा, ब्राह्मण सभा अध्यक्ष पंडित खुशीराम, डॉक्टर सोनिया खोखर, जय किशन वत्स, कैप्टन संजय, पूर्व एसएचओ हरीश, जय हिंद मंच जिला अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश भारद्वाज, मातृशक्ति में सरोज, सुनीता, राधा आदि मौजूद रही।



## न्यू हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लगाया भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

न्यू हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बालाजी महाराज के नाम भंडारा लगाया गया। भंडारे में हजारों की संख्या में लोग आए।

सुबह हवन से भंडारे का शुभारंभ किया गया। सुबह 9 से 10 बजे तक हवन किया और 10 से 3 बजे तक भंडारा लगाया गया। यह जानकारी स्कूल के निदेशक जेएस बूरा ने दी। उन्होंने बताया कि यह भंडारा 2015 से लगातार हर साल अप्रैल महीने के पहले मंगलवार को किया जाता है। भंडारे में आने वाले प्रमुख लोगों में से रोहतक सांसद अरविंद शर्मा की पत्नी डॉ. रीटा शर्मा, पूर्व मंत्री कृष्ण मोती हुड्डा, रोहतक कांग्रेस विधायक बीबी बतरा, मेयर मनमोहन गोयल, नगर पार्षद कदम सिंह अहलावत, पार्षद सूरजमल किलोई, जिला बाल विकास अधिकारी डॉ. पूनम रंगा शामिल हुए।

## आधी-अधूरी तैयारियां के साथ गेहूं खरीद की तैयारी में सरकार: जगवीर हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



■ हरियाणा में 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो गई, लेकिन व्यवस्थाएं अधूरी हैं

आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव जगवीर हुड्डा ने मंगलवार को प्रदेश की अनाज मंडियों में अव्यवस्था को लेकर हरियाणा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो गई है, लेकिन अनाज मंडियों में इसके लिए कोई व्यवस्था नहीं है। प्रदेश की अनाज मंडियों में न तो सफाई की गई है और न ही मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त किया गया है। सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। किसानों को कई कई दिन रात मंडियों में रहना पड़ रहा है लेकिन सरकार की कमी और असुविधाओं के कारण उनकी फसल नहीं बिकती। उन्होंने कहा कि कई जिलों में गेहूं तुलाई व उठान के लिए भी टेंडर नहीं हुए हैं। अधिकतर जगह पर पूरे सीजन के लिए बारदाना (बोरी के कट्टे) पर्याप्त नहीं पहुंचा है। वहीं इस बीच आढ़तियों ने आढ़त बढ़ाने व बकाया भुगतान की मांग को लेकर 1 से 5 अप्रैल तक मार्केट कमेटियों के कार्यालयों के बाहर धरना देने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि पानीपत में गेहूं उठान के लिए टेंडर नहीं हो पाए हैं और न ही स्ट्रीट लाइट व वाटर कूलरों की हुई है। कैथल की अनाज मंडी में कचरे के ढेर लगे पड़े हैं और शेड व फड़ों पर धान पड़ा है। जींद की नई अनाजमंडी में शेड ही नहीं है। यदि बारिश हुई तो किसान और व्यापारी को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। जबकि करनाल में अभी तक इंटरलॉकिंग टाइलें लगाई जा रही हैं।



### सात दिवसीय फैकल्टी डेवल्पमेंट प्रोग्राम शुरू

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी द्वारा ऑफ लाइन सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमें प्रोग्राम प्रारंभ हुआ। यूआईईटी निदेशक प्रो. युद्धवीर सिंह ने बताया कि इस एफडीपी कार्यक्रम का संचालन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नीकल टीचर ट्रेनिंग एंड रिसर्च, चंडीगढ़ के मीडिया इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस एफडीपी में 50 से ज्यादा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। एनआईटीटीटीआर, चंड़ीगढ़ के डॉ. प्रनाइक ने बतौर की-नोट स्पीकर प्रतिभागियों को संबोधित किया। यूआईईटी के डॉ. विनित शुक्ला इस एफडीपी के कोर्स कोआर्डिनेटर तथा डा. नेहा खुराना कोर्स को-कोआर्डिनेटर हैं। यह एफडीपी 6 अप्रैल तक चलेगा।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR (F) 4
COMPUTER OPERATOR (M) 4
ACCOUNTANT 1
RECEPTIONIST 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

JOIN CRASH/1YEAR COURSE
CUET
SCIENCE I HUMANITIES I COMMERCE I APTITUDE
IPM (5 Years MBA)
IIM Rohtak, Indore, Jammu, Ranchi, Bodhgaya
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road
Rohtak
9215598698

## खबर संक्षेप



### स्वच्छ भारत अभियान के तहत जांच शिविर लगाया

**रोहतक।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट बनाने वाली कंपनी कृष्णा एसोसिएशट लिमिटेड द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। गढ़ी बोहर में लगाए गए शिविर में मुख्यतिथि के तौर पर नगर निगम के संयुक्त आयुक्त विजय सिंह पहुंचे। उन्होंने शिविर का शुभारम्भ किया। इस दौरान डॉक्टर विशाल मल्होत्रा और उनकी टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। मरीजों के टेस्ट भी किए गए। इस दौरान रोहताश सांगवान भी मुख्य तौर पर मौजूद रहे।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि गोहाना बाइपास के पास से युवक को काबू किया गया। युवक की पहचान पवन निवासी टांडाहेड़ी जिला झज्जर हाल फ्रैंडस कॉलोनी रोहतक के रूप में हुई है। नियमानुसार तलाशी लेने पर युवक के पास से एक देसी पिस्तौल व एक रौंद बरामद हुए है। युवक के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

### उपलब्धियों एवं विकास यात्रा से अवगत करवाया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग में मंगलवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया।लोक प्रशासन विभाग के अध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया ने इस कार्यक्रम के प्रारंभ में विभाग के विद्यार्थियों के अभिभावकों का स्वागत किया और उन्हें विभाग की उपलब्धियों एवं विकास यात्रा से अवगत करवाया। कार्यक्रम में अभिभावकों ने अपने बच्चों एवं विभाग बारे फीडबैक दिया और महत्वपूर्ण सुझाव दिए। शिक्षकों ने अभिभावकों से विद्यार्थियों की प्रगति यात्रा सांझा की और विद्यार्थियों के कॅरियर बारे विचार-विमर्श किया।

रिमांड अवधि समाप्त होने पर तीनों आरोपियों को न्यायिक जेल भेजा

# टास्क पूरा करने के नाम पर 67 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी

- साइबर ठगों ने काठमंडी निवासी रितू को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस की साइबर क्राइम थाना की टीम ने 67 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी की वारदात में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश करके 4 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया। रिमांड अवधि समाप्त होने पर आरोपियों को न्यायिक जेल भेजा गया है।

साइबर क्राइम थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि काठमंडी निवासी रितू ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर अभियोग अंकित कर जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि 19 अगस्त 2023 को रीतु के पास व्हाटसअप पर एक मैसेज आया जिसमें रीतु को इनवैस्टमेंट के लिए टास्क दिया। जिसके बाद व्हाटसअप पर टेलीग्राम का एक लिंक आया। रीतु ने लिंक ओपन किया तो यूजरनेम से चैटबॉक्स में ले लिया। जिसके बाद रीतु को अलग-2 टास्क दिए।



रोहतक। आरोपित पुलिस की गिरफ्त में

19 अगस्त 2023 को रितू को टास्क पूरा करने के नाम पर 1000 रुपये गूगल पेय के माध्यम से भेज दिए। जिसके बाद अलग-2 किश्तों में रितू से टास्क के नाम पर अलग-2 किश्तों में रुपये ट्रासंफर करवाते रहे। रितू ने कुल 670163 रुपये उनके बताये अनुसार खाते में भेज दिये। रीतु ने टास्क के पैसे वापिस मांगे तो रितु को कोई जबाब नहीं मिला। जांच के दौरान 24 मार्च को आरोपी हितेश सेवक, राजेन्द्र व घनश्याम निवासी जिला पाली राजस्थान को राजस्थान से गिरफ़्तार किया गया है।

### पार्ट टाइम काम के नाम पर 8.78 लाख ठगे

**रोहतक।** पुलिस की साइबर क्राइम थाना टीम ने 8 लाख 78 हजार रुपये से ज्यादा की ठगी में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करके पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। चार आरोपियों की रिमांड अवधि समाप्त होने पर जेल भेजा गया है। दो आरोपियों को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि महम निवासी सीमा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि 26 अगस्त 2023 को सीमा की टेलीग्राम आइडी पर ऑनलाइन जॉब करने बारे मैसेज आया। 27 अगस्त 2023 को दोबारा से पार्ट टाइम के लिए मैसेज आया और पूरा प्रोसेस ट्रेलिग्राम के माध्यम से सीमा को बताया कि हर रोज 1500 से 2 हजार रुपये कमा सकती है। सीमा को बताया कि वो 15 हजार रुपये प्रति माह कमा सकती है। 11 सितंबर 2023 को उन्होंने पार्ट टाइम जॉब करने के लिए एक लिंक भेजा। सीमा ने लिंक पर उनके कहे अनुसार खाता ओपन कर यूजर आईडी बनाई। उनके कहे अनुसार सीमा ने अपने खाता की डिटेल भर दी। बेवसाइट पर यूजर आईडी बनने के बाद उन्होंने एयरलाइन की टिकट बुंकिंग करने का टास्क दिया। टास्क पूरा करने के बाद 1155 रुपये सीमा के खाते में आ गए। सीमा को और पैसे कमाने के लिए टेलीग्राम पर एक लिंक ज्वाइन करने को कहा। सीमा ने अपने उस लिंक को ज्वाइन कर अपने आइडी को रिचार्ज करने के लिए दस हजार ट्रांसफर किए। सीमा को उसके बाद टिकट बेचने का टास्क मिला और आईडी को -23 हजार रुपये दिखाया। जिसके बाद सीमा को कहा कि अगर वह टास्क पूरा करना चाहती है तो उसे 23 हजार रुपये का रिचार्ज करना होगा। सीमा ने टास्क पूरा करने के चक्कर में कुल 8 लाख 78 हजार 300 रुपये ट्रांसफर कर दिए। जांच के दौरान 28 मार्च को आरोपी सोमराज बेनिवाल निवासी जोधपुर, सोमराज ढाका निवासी जोधपुर, रामचंद्र और सुनील निवासी बीकानेर को गिरफ्तार कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।

# मोखरा कॉलेज ने लगाई पुराने सामान की प्रदर्शनी



महम। राजकीय महाविद्यालय मोखरा में लगाई गई प्रदर्शनी में प्रदर्शित की गई पुराने समय की घरेलू वस्तुएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

मोखरा के साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को इतिहास विभाग व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा हमारी विरासत एक झलक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. सीमा जैन ने किया।

उन्होंने बताया कि विरासत हमारे इतिहास, सभ्यता और भविष्य की नींव होती हैं। किसी भी देश की धरोहर उसके गौरवशाली व समृद्ध अतीत की प्रमाण होती है। जिसकी नींव पर सुनहरे भविष्य की कल्पना साकार होती है। धरोहरों को भावी पीढ़ी के लिए सहेजना हर नागरिक का कर्तव्य होता है। इस अवसर पर छात्राओं को हमारी प्राचीन विरासत व संस्कृति से रुबरु कराने के लिए एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचीन वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. विनोद ने हरियाणा में स्थित प्रमुख ऐतिहासिक धरोहरों पर पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत की तथा प्राचीन व मध्यकालीन इन धरोहरों के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इतिहास विभाग से ईश्वर व सोनिया ने भी अपने विचार सांझा किये। उन्होंने छात्राओं को अपनी विरासत को सहेज कर रखने की अपील की, क्योंकि यही हमारी पहचान है। इनके संरक्षण के लिए भावी पीढ़ी को सजग रहना जरूरी है, अन्यथा इनका अस्तित्व खत्म हो जाएगा। इस अवसर पर सुनीता,विनोद, संदीप, प्रभा, कृष्ण, रवींद्र,आशीष, प्रवीण, सुरेश, दीपक, मुन्नी व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की प्रभारी सोनिया व अन्य स्टाफ सदस्य आदि भी उपस्थित रहे।

# सुप्रीम कोर्ट ने किया झूठ का पर्दाफाश : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने मंगलवार को राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में सच की जीत हुई, वहीं तानाशाह को करारी शिकस्त मिली है। ईडी की झूठे केस में फंसाकर और झूठी गवाही के साथ जेल में डालने की साजिश बेनकाब हुई है।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने झूठ का पर्दाफाश किया है। वहीं, मनी ट्रेल का साक्ष्य नहीं मिलने पर ईडी को भी फटकार लगाई है। उन्होंने कहा सेक्शन-45 पीएमएलए में जमानत का मतलब, संजय सिंह का पूरे मामले से कोई मतलब नहीं है। पूरा का पूरा मामला फर्जी और



मनगढ़ंत है। सच की जीत होगी और धीरे धीरे आम आदमी पार्टी के सभी शीर्ष नेता जेल से बाहर होंगे।

उन्होंने कहा कि अंत में सच की जीत होती है। दिल्ली मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत तमाम नेताओं को झूठे और मनगढ़ंत केस में फंसाया गया है। बीजेपी को लोकसभा चुनाव में हार का डर सता रहा है। इसलिए आम आदमी पार्टी के नेताओं को जेल में डाला जा रहा है। जनता लोकसभा चुनावों में बीजेपी को सबक सिखाने का काम करेगी।

### रोडवेज महाप्रबंधक के खिलाफ 10 अप्रैल को सांकेतिक धरना

**रोहतक।** हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सोनू हुड्डा ने रोडवेज महाप्रबंधक पर कर्मचारियों के शोषण का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कर्मचारियों ने निर्णय लिया कि 10 अप्रैल को सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कुछ दिन पहले हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ ने महाप्रबंधक की शिकायत उच्च अधिकारियों को की तो कर्मचारियों को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया गया। पहले यूनियन के महासचिव जगदीप लाठर को निलंबित किया। उसके तीन दिन बाद पूर्व जिला प्रधान दीपक हुड्डा को पहले तो आरटीए कार्यालय में भेजा गया। आरटीए ने यह कहकर वापस कर दिया कि यहां परिचालक का कोई भी पद स्वीकृत नहीं है, तो वापस डिपो में आते ही जीएम ने दीपक हुड्डा को निलंबित कर दिया।

# राजकुमार सैनी के साथ हुड्डा के संबंध हुए उजागर : अभय

- इनेलो के प्रधान महासचिव ने पूर्व सीएम मनोहर लाल की सुरक्षा पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इनेलो के प्रधान महासचिव एवं विधायक अभय सिंह चौटाला ने लोकसभा चुनाव को लेकर कहा कि दो सीटों पर इनेलो की जीत निश्चित है, जबकि बाकी सीटों पर अभी मंथन चल रहा है और जल्द ही प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। भाजपा के साथ पूर्व सीएम हुड्डा की साठगांठ है और यह बात विधानसभा में भी स्पष्ट हो चुकी है कि किस प्रकार से मिलीभगत के चलते भाजपा सरकार का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुख्यालय तक राजकुमार सैनी को ले जाने वाले पूर्व सीएम हुड्डा ही है। मंगलवार को इनेलो प्रधान महासचिव दिल्ली बाइपास स्थित एक हाल में लोकसभा चुनाव को



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते हुए इनेलो के प्रधान महासचिव एवं विधायक अभय सिंह चौटाला। फोटो : हरिभूमि

लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। भाजपा-जजपा व कांग्रेस समर्थित लोग इनेलो पार्टी में शामिल हुए। साथ ही गौड शिक्षण संस्थान के पूर्व प्रधान आजाद सिंह अत्री ने भी अपनी घर वापसी की है। कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने कहा कि छह अप्रैल को दिल्ली के किसान घाट पर चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि मनाई जाएगी और उसी दिन संभव हुआ तो बाकी प्रत्याशियों की भी घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सबसे सशक्त व मजबूत इनेलो का कार्यकर्ता है और जनता के विश्वास और कार्यकर्ता की मेहनत से इनेलो प्रदेश में सरकार बनाएगी। अभय सिंह चौटाला ने पत्रकारों से बातचीत में कुरूक्षेत्र से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल को लेकर कहा कि कभी कोयला घोटाले में शामिल रहे जिंदल आज भाजपा के लिए पाक-साफ हैं, क्योकि वह भाजपा में शामिल हो गए और एक घंटे के बाद ही उन्हें प्रत्याशी बना दिया गया। इसी दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर इनेलो नेता ने प्रतिक्रिया दी और कहा कि समय बड़ा बलवान होता है और जो जैसा करता है, उसे वैसा ही भुगतना पड़ेगा। इस मौके पर इनेलो के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, गौड शिक्षण संस्थान के पूर्व प्रधान एवं ब्राहमण शक्ति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद सिंह अत्री, डॉ. नफे सिंह लाहली, बलवंत मायना, पूर्व विधायक नरेश प्रधान, कैप्टन इन्द्र सिंह, इन्द्र सिंह ढुल, कृष्ण कौशिक, विनोद अहलावत, ताजवीर शिमली, जय सिंह, वेद सिंह भैराण, राकेश सहगल, अमरजीत नीटू, करतार काहनी, यादराम सरपंच, हैप्पी भालौठ, सतीश नांदल रिठाल, शीला खरैटी, सुमित्रा काजल, कुंती देवी, रामभगत लाकडा, सुरेन्द्र कन्हेली, आदि मौजूद रहे।

# बाइक चोरी का आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस ने घर से मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया। रिमांड अवधि समाप्त होने पर आरोपी को जेल भेजा गया है।

सदर थाना प्रभारी मुरारी लाल ने बताया कि टिटौली निवासी जितेंद्र की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि 30 मार्च को जितेंद्र ने मोटरसाइकिल को अपने घर के अंदर खड़ा किया हुआ था। रात के समय अज्ञात युवक घर में घुसकर घर से मोटरसाइकिल चोरी कर मौके से फरार हो गया। जांच के दौरान 31 मार्च को आरोपी बिजेंद्र निवासी रोहद को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से चोरीशुदा मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी के खिलाफ चोरी के मामले रोहतक व झज्जर में दर्ज है।

# छात्राओं ने रैली निकाल मतदान में भाग लेने की अपील की

- राजकीय कन्या महाविद्यालय मोखरा में जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय मोखरा में छात्राओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। कार्यक्रम की अध्यक्षता इतिहास विभाग के सहायक प्रोफेसर तथा महाविद्यालय की इलेक्शन सम्बन्धी इकाई के नोडल अधिकारी ईश्वर सिंह ने की। यह रैली जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार वोटर्स को जागरूकता करने के लिए निकाली गई।

इस दौरान कॉलेज छात्राओं को मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सीमा जैन ने छात्राओं तथा स्टाफ को चुनाव के समय अपने वोट का सही इस्तेमाल करने के आह्वान किया तथा अपना एपिक कार्ड वोटर पहचान पत्र बनवाकर मतदान में ज्यादा से ज्यादा हिस्सेदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सुनीता धनखड़, ईश्वर सिंह, संदीप कुमार, प्रभा, परवीन कुमार आदि स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।



महम। मतदाता जागरुकता रैली को रवाना करते हुए मोखरा गवर्नमेंट कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. सीमा जैन। फोटो : हरिभूमि

### युवक पर जानलेवा हमले के आरोपी पिता-पुत्र काबू

**रोहतक।** पुलिस ने झज्जर निवासी युवक पर जानलेवा हमला के मामले में आरोपी पिता-बेटे को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। याकुबपुर झज्जर निवासी विक्रम की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। विक्रम प्रॉपर्टी डिलर का काम करता है। करीब डेढ साल पहले विक्रम ने गांव करौथा से एग्रीमेंट से साढ़े दस एकड़ जमीन खरीदी थी। जिसे देखभाल करने के लिए विक्रम ने अपने मौसा रणबीर को छोड़ रखा था। करीब 6 एकड़ की रजिस्ट्री विक्रम ने अपने साथी के नाम करवा दी। विक्रम को पता चला कि 14 कनाल जमीन की रजिस्ट्री उसने अपनी पत्नी उर्मिला के नाम करवा दी। विक्रम ने बारे में पूछा तो रणबीर गालिया देने लगा। सुमित ने अपने पिता रणबीर को विक्रम को गोली मारने बारे कहा।

# एनएसयूआई छात्र सम्मेलन कल



**रोहतक।** छात्र नेता सुशील हुड्डा ने छात्र महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर टीम के साथ मीटिंग की। इनमें मुख्य रूप से एनएसयूआई के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, जाट कॉलेज, नेकीराम कॉलेज, वैश्य कॉलेज, हिंदू कॉलेज, गौड कॉलेज, आईसी कॉलेज, मस्तनाथ यूनिवर्सिटी, हेल्थ यूनिवर्सिटी, लखमीचंद यूनिवर्सिटी के छात्र नेता शामिल रहे। सभी छात्रों की 4 अप्रैल को होने वाले एनएसयूआई छात्र महासम्मेलन को लेकर ड्यूटी लगाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चौ. दीपेंद्र हुड्डा राज्यसभा सांसद होगें, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिरकत करेंगे, विशिष्ट अतिथि के रूप में एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष होगें जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्र नेता सुशील हुड्डा करेंगे। यह महासम्मेलन महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के गेट नम्बर एक के सामने वेवज गार्डन में सुबह 10:30 बजे आयोजित किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से हितेष लाठर, हरदीप ढुल, मोहित हुडडा, अरविंद गिल, आदर्श, नीतीश, अक्षय पुनिया, मुकुल, मोनू, रवि, प्रदीप, संदीप इत्यादि प्रमुख रूप से शामिल थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक और शोध विशिष्टता के लिए शोध इंपेक्ट महत्वपूर्ण

# शिक्षाविदों का आह्वान, एमडीयू शोधार्थी चोरी के अनुसंधान से बचें

- मदवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक तथा शोध विशिष्टता के लिए शोध इंपैक्ट महत्त्वपूर्ण है। शोध इंपैक्ट अनुसंधान की गुणवत्ता, गुणवत्तापरक शोध प्रकाशन समेत शोध के सामाजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक प्रभाव पर भी निर्भर करता है। यूनाइटेड किंगडम के एस्टन यूनिवर्सिटी के एसोसिएट डिप्टी वाइस चांसलर प्रो. पवन ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर इंटरनेशनल एकेडमिक एफेयर्स द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में ये कहा। फास्टरिंग ग्लोबल कोलाबोरेशन इन हॉयर एजुकेशन विषयक इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मंगलवार को विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों तथा शोधार्थियों के लिए एकेडमिक एण्ड रिसर्च चैलेंज्स विषयक विशेष सत्र का आयोजन किया गया।



इस विशेष सत्र में यूएसए के प्रो. ओपी धनखड़, डॉ. जोगेन्द्र सिंह, डॉ. मंजीत कौर, डॉ. सुमन ग्रेवाल, कनाडा के डॉ. गजेन्द्र अहलावत, यूके की प्रो. किरण गुलिया, डॉ. लक्ष्मी बुधवार ने बतौर पैनलिस्ट भाग लिया। इन विशेषज्ञों ने विदेश में उच्चतर शिक्षा परिदृश्य विशेष रूप से शोध एवं उच्चतर शिक्षा की चुनौतियों को सांझा किया। वक्ताओं ने शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों को शोध प्रविधि, क्रिटिकल थिंकिंग, गुणवत्तापरक लेखन कला, प्रस्तुतिकरण कौशल, नवाचारी सोच विकसित करने की प्रेरणा दी। वक्ताओं ने शोध चोरी से बचने की हिदायत दी। विशेष रूप से समस्या निवारण शोध पर फोकस करने का परामर्श आमंत्रित वक्ताओं ने दिया।

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने की। कुलपति ने कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन विश्वविद्यालय के ग्लोबल आउटरिच के लिए प्रभावी पहल है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा प्राध्यापकों को अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक परिदृश्य से इस सम्मेलन के जरिए रूबरू करवाया गया। भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्ष डॉ. शरणजीत कौर की आज के विशेष सत्र में विशिष्ट उपस्थिति रही। सम्मेलन में बिजनैस मैनेजमेंट, कामर्स, इकोनोमिक्स, आईएचटीएम के लिए तकनीकी सत्र का आयोजन आईएचटीएम कांफ्रेंस हॉल में किया गया।

प्रो. पवन बुधवार इस सत्र में मुख्य वक्ता रहे। इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी के लिए विशेष सत्र यूआईईटी कांफ्रेंस हॉल में हुआ। यूनिवर्सिटी ऑफ वोल्वर हैंपटन, यूके की प्रो. किरण गुलिया ने संबोधन किया।

### फार्मास्युटिकल क्षेत्र की जानकारी दी

जीव विज्ञान संकाय के लिए विशेष सत्र में यूनिवर्सिटी ऑफ मैसुच्युसैट्स, यूएसए के प्रो. ओपी धनखड़, यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के प्रो. जोगेन्द्र सिंह तथा कनाडा के डॉ. जोगेन्द्र अहलावत ने इंटैरेक्ट किया। फार्मासुयटिकल साइंसेज फैकल्टी के लिए विशेष सत्र स्वराज सदन में हुआ। यूएसए की डॉ. सुमन ग्रेवाल ने इस सत्र में यूएसए में फार्मास्युटिकल क्षेत्र के परिदृश्य की जानकारी दी। मनोविज्ञान विभाग में यूके की डॉ. लक्ष्मी बुधवार, यूएसए की डॉ. मंजीत कौर तथा जेएमआई, नई दिल्ली की प्रो. कुलविंदर कौर ने मनोविज्ञान तथा समाजशास्त्र विभाग के फैकल्टी, शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों के साथ इंटरैक्ट किया। सकारात्मक मनोविज्ञान, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े, समाजशास्त्रीय विषयों, विशेष रूप से इस संबंध में वैश्विक परिदृश्य पर मंथन हुआ।